Dr. S. B. Choudhary

SC-102, SEM-1, 30.06.21

TOPIC अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना के लिए शिक्षा
(EDUCATION FOR INTERNATIONAL UNDERSTANDING)

"Isolation means backwardness and decay. The world has changed and old barriers are breaking down, life becomes more international. We have to play our part in this coming internationalism."

—**Jawahralal Nehru.**
(Discovery of India) P. 580

TOPIC अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना का अर्थ तथा परिभाषा
(Meaning and Definition of International Understanding)

अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना का अर्थ (Meaning of International Understanding)—अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना का अर्थ है—विश्व-नागरिकता। यह भावना इस बात पर बल देती है कि संसार के प्रत्येक मानव में भाई-चारे के सम्बन्ध हों तथा वसुधा एक कुटुम्ब के समान प्रतीत हो। इस दृष्टि से अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना विश्व-मैत्री तथा विश्व-बन्धुत्व की भावना पर आधारित होते हुए मानव के कल्याण पर बल देती है। दूसरे शब्दों में, अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना विश्व के समस्त राष्ट्रों तथा उनके नागरिकों के प्रति प्रेम, सहानुभूति तथा सहयोग की ओर संकेत करती है।

अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना की परिभाषा
(Definition of International Understanding)

अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना के अर्थ को और अधिक स्पष्ट करने के लिए हम निम्नलिखित परिभाषायें दे रहे हैं—

(1) डॉक्टर वाल्टर एच० सी० लेव्स—"अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना इस ओर ध्यान दिये बिना कि व्यक्ति किस राष्ट्रीयता या संस्कृति के हैं, एक-दूसरे के प्रति सब जगह उनके व्यवहार का आलोचनात्मक और निष्पक्ष रूप से निरीक्षण करने और आंकने की योग्यता है। ऐसा करने के लिए व्यक्ति को इस योग्य होना चाहिये कि वह सब राष्ट्रीयताओं, संस्कृतियों तथा प्रजातियों को इस भूमण्डल पर रहने वाले लोगों की समान रूप से महत्त्वपूर्ण विभिन्नताओं के रूप में निरीक्षण कर सके।"[1]

(2) ओलिवर गोल्डस्मिथ—"अन्तर्राष्ट्रीयता एक भावना है, जो व्यक्ति को यह बताती है कि वह अपने राज्य का ही सदस्य नहीं है वरन् विश्व का नागरिक भी है।"[2]

---

1. "International understanding is the ability to observe critically and objectively and appraise the conduct of men everywhere to each other irrespective of the nationality or culture to which they belong. To do this, one must be able to observe all nationalities, cultures, and races as equally important varieties of human beings inhabiting this earth."
—**Dr. Walter H. C. Laves.**

2. "Internationlism is a feeling that the individual is not only a member of his state, but a citizen of the world."
—**Oliver Goldsmith.**